









# दुबेही शासकीय विद्यालय में मिड-डे मील की लापरवाही उजागर

## बच्चों की थाली में सिर्फ 2 किलो आलू , टमाटर जर्जर रसोई और धुएं में पकता भोजन



नवभारत न्यूज

**सतना/मैहर 22 नवम्बर। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय दुबेही में संचालित समूह आधारित मध्याह्न भोजन योजना में बड़े पैमाने पर लापरवाही सामने आयी है। वीडियो में जो दृश्य दर्ज हुए हैं, वे न सिर्फ व्यवस्था की पोल खोलते हैं, बल्कि यह भी बताते हैं कि बच्चों के स्वास्थ्य और अधिकारों के साथ किस कदर खिलवाड़ हो रहा है। बच्चों की शिकायतें है कि गुणवत्ता इतनी खराब कि भूखे रहना बेहतर है ।**

विद्यालय के छात्र कैमरे पर साफ बोलते नजर आते हैं कि भोजन में स्वाद नहीं सफाई नहीं इतनी खराब गुणवत्ता कि हम भोजन ही नहीं करते। शासन द्वारा प्रतिदिन निर्धारित पोषण मानकों की सब्ज़ी की पर्याप्त मात्रा होना बताया जाता है ताज़ी सामग्री, सुरक्षित रसोई व्यवस्था होनी चाहिए इन सब प्रबंधन का विद्यालय में लगभग पूरी तरह अभाव दिख रहा है । पूरी उपस्थिति छात्र संख्या के लिए सिर्फ 2 किलो आलू और 4 टमाटर ने प्रबंधन की पोल खोल कर अव्यवस्था को स्पष्ट देखा गया दृष्यात्मक में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि जिस दिन वीडियो बनाया गया, उस दिन भोजन बनाने के लिए केवल 2 किलो आलू 4 टमाटर लाए गए थे जबकि विद्यालय में उपस्थिति इसकी तुलना में कई गुना अधिक है ।

इस प्रकार की मात्रा (पूर्व मध्याह्न भोजन) गाइडलाइन का खुला उल्लंघन है जिसमें बच्चों के लिए प्रति दिन निर्धारित भोजन मानक स्पष्ट रूप से दर्ज हैं। और तो और जर्जर रसोई और धुएं से भरे चूल्हे बच्चों की सेहत के लिए खतरा का संकेत दे रहे है वीडियो में देखा जा सकता है रसोई भवन की हालत बेहद खराब दिखाई देती है टूटी दीवारें धुएँ से भरा चूल्हा किसी भी स्वच्छता मानक का पालन नहींवेंटिलेशन का अभाव सामग्री भंडारण की कोई सुरक्षित व्यवस्था नहीं है । शासन आदेशानुसार भोजन गैस आधारित, सुरक्षित, स्वच्छ और वैज्ञानिक रसोई में बनना चाहिए, लेकिन विद्यालय में स्थिति पूर्णतः विपरीत है।

इस सबंध में प्रभारी प्रधानाचार्य ने कहा कि ऊपर से कार्यवाही नहीं हो पा रही है जब प्रभारी प्रधानाचार्य चन्द्रमोहन त्रिपाठी से भोजन व्यवस्था पर सवाल पूछे गए तो उन्होंने स्वीकार किया किसमस्या है लेकिन कार्यवाही ऊपर से नहीं हो पा रही हमने जानकारी भेजी है। इन अनियमितताएँ पर कार्यवाही सुनिश्चित होनी चाहिए भोजन सामग्री की अपर्याप्त मात्रा गुणवत्ता में गंभीर ढिलाई मेन्यू का पालन नहीं धुएँ में भोजन पकाना जर्जर रसोई भवन का उपयोग छात्रों की लगातार शिकायतों की अनदेखी प्रभारी अधिकारी भी बेबस । अभिभावकों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से माँग की है कि जाँच दल बनाए जाए और दोषियों पर त्वरित कड़ी कार्रवाई हो समूह की तत्काल जाँच हो खाद्य सामग्री के बिल व स्टॉक की पड़ताल हो रसोई भवन का तकनीकी निरीक्षण हो पोषण योजना का उद्देश्य खोखला होता जा रहा है । दुबेही विद्यालय में जो स्थिति सामने आयी है वह किसी एक विद्यालय की समस्या नहीं, बल्कि प्रणालीगत गड़बड़ी का संकेत है। पोषण योजना का मकसद बच्चों को स्वस्थ और पोषक भोजन देना है न कि औपचारिकता निभाकर पैसा बचाना। बच्चों की थाली से समझौता अक्षम्य अपराध है और इसकी सुधारात्मक कार्रवाई अत्यावश्यक है।

# गुमशुदा बालिका को नरसिंहपुर के करेली से किया गया दस्तयाब

## मुस्कान अभियान में बदेरा पुलिस को मिली सफलता

नवभारत न्यूज


**मैहर 22 नवम्बर। पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन ,नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बदेरा निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए थाना बदेरा पुलिस टीम द्वारा आज नाबालिग बालिका को नरसिंहपुर के करेली क्षेत्र से दस्तयाब किया गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 22/08/25 को थाना बदेरा क्षेत्र में निवासरत फरियादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के घर से बिना बताए चले जाने पर थाना बदेरा पुलिस को सूचना दी गई। उक्त सूचना पर अपराध क्रमांक 222/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर थाना बदेरा पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालिका की तलाश के संबंध में सतत् प्रयास किए गए।

थाना प्रभारी बदेरा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, स्थानीय जानकारी एवं सतत् निगरानी के आधार पर सुराग विकसित किए।

पुलिस टीम के लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप 03 माह बाद आज गुमशुदा बालिका को जिला नरसिंहपुर के करेली क्षेत्र से सकुशल दस्तयाब कर लिया गया है। बालिका को विधिक कार्यवाही उपरांत परिजनो के सुपुर्द किया गया, 03 माह पश्चात बालिका से मिलकर परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।

## श्री सत्य साईं राम के 100वें जन्मोत्सव पर 108 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ आज



नवभारत न्यूज

**कोठी 22 नवम्बर। ग्राम पंचायत बरहना की श्री सत्य साईं सेवा समिति के तत्वाधान में संत श्री साईं राम के 100 वें जन्मोत्सव के अवसर पर ग्राम पंचायत में समिति द्वारा 108 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारियां संपूर्ण की जा चुकी है।**

आयोजन स्थल पर 108 हवन कुंड बनकर तैयार हैं यह महायज्ञ लोगों की सुख समृद्धि की कामना के उद्देश्य से समिति द्वारा किया जा रहा है समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री साईं राम इस जगत में प्रभु के जैसे ही हैं और उन्होंने अपने जीवन पर्यंत सदैव लोगों की सेवा ही करते रहे और सदैव लोगों के कल्याण के कार्य करते रहे इसलिए हम सभी का दायित्व की उनका जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाए समिति द्वारा संपूर्ण तैयारी यज्ञ के लिए की जा रही हैं और आज दोपहर 1 बजे से लेकर 4 बजे तक विद्वान पंडितों की मौजूदगी में यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

# पाइप लाइन ठेकेदार की मनमानी से सुबह से बिजली बंद, जनता बेहाल

नवभारत न्यूज

**कोटर 22 नवम्बर। तहसील मुख्यालय कोटर क्षेत्र में शनिवार सुबह से विद्युत आपूर्ति ठप्प रहने से स्थानीय ग्रामीण और व्यापारी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पाइप लाइन कार्य से जुड़े ठेकेदारों की दबंगई और हस्तक्षेप के चलते कोटर विद्युत मंडल द्वारा सुबह 10 बजे से लगातार बिजली सप्लाई बंद रखी गई।**

लगातार कटौती के कारण बाज़ार में दुकानें समय पर नहीं खुल सकीं और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजमर्रा के काम ठप हो गए। किसानों को मोटर न चलने से सिंचाई बाधित हुई, वहीं विद्यार्थियों की ऑनलाइन तैयारी भी प्रभावित हो रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार मनमर्जी से बिजली बंद करवा रहे हैं, जबकि विभागीय अधिकारी स्थिति पर चुप्पी साधे हुए हैं। शासन और प्रशासन की निष्क्रियता के चलते लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में इस तरह की मनमानी और आम जनता को परेशान करने वाले घटनाक्रम न हों जब इस संबंध में बिजली विभाग के कर्मचारियों से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो कोई जबाब देने को तैयार नहीं है।





### केबिल काटी तीन घंटे ठप्प रहा नेटवर्क

जीओ नेटवर्क की केबिल भी जेसीबी मशीन में फस कर टूट गई जिससे नुकसान हुआ जिम्मेदार अधिकारीको को नहीं दिये जानकारी केसीसी कम्पनी द्वारा मनमानी तरीके से कार्य किया जा रहा है जिससे नेटवर्क सुविधा भी हुई बाधित वहां पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया की केसीसी कम्पनी की मनमानी से क्षतिग्रस्त हुई केबिल से तीन घंटे नेटवर्क सुविधा रही बन्द काम होते रहे प्रभावित।

# खबर का असर :आखिरकार गड्ढे में डाली मिट्टी, खतरा टला

## सही ढंग से व्यवस्थित किया जाने की अभी भी आवश्यकता

नवभारत न्यूज

**कोठी 22 नवम्बर। सुंदरा सेमरिया मार्ग में कोठी के झाली चौराहे के समीप कोठियार नदी के ऊपर बने पुल के पास एक विशालकाय गड्ढा हो गया था जो काफी परेशानी का सबब था**

बरसात में पानी की निकासी सही ढंग से न होने की वजह से एक गड्ढा हो गया था जो धीरे-धीरे काफी बड़ा हो गया था और विशालकाय स्वरूप धारण कर लिया था जिसमें कई बार छोटी मोटी दुर्घटनाएं भी घट चुकी थी जिसके बाद हमारे समाचार पत्र में समाचार प्रकाशित किया गया और गंभीर समस्या होने पर इसे कई बार प्रकाशित किया गया इसके बाद विभाग ने संज्ञान लेते हुए तात्कालिक रूप से गड्ढे में मिटटी डलवा दी है जिससे बड़े हादसे होने का खतरा टल गया है परंतु अभी इसे सही ढंग से व्यवस्थित किये जाने की भी आवश्यकता है क्योंकि बरसात में गड्ढे होने की वजह से सड़क के किनारे की कगार कट गई जिसकी लंबाई चौड़ाई धीरे-धीरे बढ़ती गई और वह कगार अभी भी किनारे से कट रही है जहां पर मिट्टी डाली गई है परंतु अभी भी उस स्थान को सही ढंग से बनवाए जाने की आवश्यकता है क्योंकि उसे गड्ढे को तो भर दिया गया है परंतु उसके आगे पीछे की कगार भी कट रही है लोगों ने मांग की है कि यहीं पर पुल है इसलिए इसे सही ढंग से पत्थर लगाकर पैचिंग करने की आवश्यकता है जिससे साइड की कगार धसने से बचाया जा सके और यातायात सही ढंग से चलता रहे और दुर्घटनाओं से बचा जा सके क्योंकि विभाग द्वारा जो सेफ्टी के लिए रेलिंग लगाई गई थी वहां पर भी कगार धंस रही है और सड़क काटकर रेलिंग से दूर जा चुकी है सुरक्षा के तहत मिट्टी डाली गई है परंतु अभी सही ढंग से वह बना हुआ नहीं है लोगों ने विभाग से इसे जल्द ही सही ढंग से बनवाए जाने की मांग की है क्योंकि यह हाईवे है और यहां पर 24 घंटे वाहनों का दबाव रहता है।



# शासकीय महाविद्यालय में संपन्न हुआ एन ई पी 2020 विषय पर प्रशिक्षण



नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 22 नवंबर। प्राचार्य प्रधानमंत्री स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना के निर्देशानुसार आज दिनांक 22 11.2025 को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरपाटन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुच्छेद 14 एक एवं दो विषय पर प्रशिक्षण आयोजित हुआ।**

उक्त प्रशिक्षण में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैहर से आए प्रशिक्षक डॉक्टर हेमंत कुमार एवं डॉ शैलेश प्रताप के द्वारा विस्तृत ब्यौरा सहित प्रशिक्षण दिया गया उक्त प्रशिक्षण में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस के वर्मा द्वारा नवीन शिक्षा नीति 2020 की बारीकियो पर नजर डालते हुए समस्त स्टाफ एवं छात्र/छात्राओं को जानकारी से लाभान्वित किया ।

विभिन्न शासकीय महाविद्यालय नादन ,ताला, खजुरीताल एवं न्यूरामनगर से आए विद्वान साथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया साथ ही महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक/ अतिथि विद्वान एवं छात्र-छात्राआओ की उपस्थिति गरिमामय रही। कार्यक्रम का संयोजक एवं कार्यक्रम के संचालक डॉक्टर पंकज सिंह तिवारी के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ

## स्पिक मैके का शास्त्रीय गायन कल से

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 22 नवम्बर। भारतीय शास्त्रीय संगीत को विद्यार्थियों तक सुलभ कराने की अंतरराष्ट्रीय स्वपोषित संस्था स्पिक मैके के तत्वावधान में दिनांक 24 से 29 नवम्बर तक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में बनारस घराने के शास्त्रीय गायक पंडित भोलानाथ मिश्र( दिल्ली )प्रस्तुति देंगे।**

तबले पर पद्म विभूषण पंडित किशन महाराज जी के प्रिय पट्ट शिष्य पंडित काली नाथ(मुंबई)तथा हारमोनियम पर श्री शिवम रहेंगे। कार्यक्रम शासकीय पुरुषोत्तम संस्कृत महाविद्यालय खजुरी ताल,यूनिक कॉलेज आफ टेक्नोलॉजी , शासकीय कप्तान लाल प्रताप सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरमसेड़ा, रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल ताला,पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटनवारा, तक्षशिला अकादमी अमरपाटन, बाल भारती पब्लिक स्कूल अमरपाटन, शासकीय हाई स्कूल मझगवाँ तथा भागीरथी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पौड़ी खुर्द में होंगे।

## गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व विभिन्न कार्यक्रम होंगे

नवभारत न्यूज

**सतना 22 नवम्बर। गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व के अवसर पर 22 नवंबर से 26 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हैं।**

22 नवंबर 2025 को गुरुनानक मिशन स्कूल सिटी कोतवाली में बच्चों और संगत के लिए गुरु तेग बहादुर जी की जीवनी पर एक शॉर्ट फिल्म दिखाई गई। 23 नवंबर 2025 को सुबह 6ः00 बजे गुरुद्वारा नानक दरबार से प्रभात फेरी आरंभ होगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गुरुद्वारा नानक दरबार आएगी और समापन होगा। 23 नवंबर 2025 को सुबह 9ः30 बजे गुरुद्वारा नानक दरबार में अखंड पाठ साहिब प्रारंभ किया जाएगा जिसकी समाप्ति 25 नवंबर 2025 को होगी।

23 नवंबर 2025 को गुरुद्वारा नानक दरबार में शाम 4ः00 से 6ः00 बजे विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है।

# ग्रामोदय के समाज कार्य के विद्यार्थियों ने किया अकादमिक भ्रमण



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट,22 नवम्बर । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे समाज कार्य पाठयक्रम के विद्यार्थियों ने मातृ छाया सतना और सेवा भारती, सतना ( बच्चों के कल्याणार्थ संस्था ) का शैक्षणिक भ्रमण किया।**

विद्यार्थियों ने वहां की गतिविधियों के साथ संबधित कानूनी प्रक्रिया को भी समझा। कार्यक्रम संयोजक डॉ अजय आर चौरे ने बताया कि कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की प्रेरणा से उत्साहित विद्यार्थियों के दल ने दोनों संस्थाओं का भ्रमण कर संचालित कार्यों का विस्तार से अवलोकन किया। भ्रमण के समय संस्था के लोगों ने बताया कि यहां छः वर्ष की उम्र तक के बच्चों को ही रखा जाता है तत्पश्चात उन्हें कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से 7 से 18 वर्ष वाली संस्थाओ में भेज दिया जाता हैं। संस्था में दत्तक ग्रहण एवं प्रतिपालक देखभाल की प्रक्रिया भी की जाती है। यहां से दत्तक ग्रहण में कई बच्चे विदेशी दम्पतियों एवं भारतीय दंपतियों द्वारा गोद लिए जा चुके है। कुछ अभी प्रक्रिया में हैं। सम्पूर्ण स्टाफ बच्चों से मातृ तुल्य व्यवहार करता है।

मानवता एवं संवेदनानाएं यहां महसूस की जा सकती हैं इसी क्रम में विद्यार्थियों ने सुधारात्मक प्रशासन के अंतर्गत कारागर परिसर सतना का भी भ्रमण किया।

# श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर सतना ने मनाया 152वां स्थापना वर्ष



नवभारत न्यूज

**सतना 22 नवम्बर। शहर के ऐतिहासिक श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर, सतना ने अपने आध्यात्मिक और सामाजिक सेवाओं के गौरवशाली 152 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय श्री अखण्ड पाठ का भव्य आयोजन किया।**

गुरुवार से प्रारंभ हुए इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन रविवार को पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। प्रातःकालीन मंगल आरती के बाद हवन, भजन और प्रसाद वितरण के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकाल कर महापौर योगेश ताम्रकार मंदिर पहुंच कर भगवान श्रीकृष्ण राधा जी का दर्शन किया। साध्वी निर्मला माता ने शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। महापौर योगेश ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रणामी समाज द्वारा संचालित कन्या विद्यालय गरीब कन्याओं को शिक्षा दे कर बहुत ब?ा काम कर रहा है। हमारे शहर के सबसे प्राचीन मंदिर के 152 वर्ष पूर्ण होने के बाद सभी पूर्व संतों व्दारा लगातार अपने धरोहर को बचाकर लगातार पूजा अर्चना कर सभी को धर्म से जो?ने का अनुकरणीय काम किया है। श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर ट्रस्ट महामति प्राणनाथ जी अमृत वाणी को जन-जन तक पहुंचाने का काम लगातार करता रहे। आज संतों की वाणी को अपने जीवन में उतारने की जरुरत है।

**गुरु की वाणी हमें सद्कार्यों की प्रेरणा देती-** माहेश्वरी जी ने मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए हिन्दू पर्व समन्वय समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने कहा कि गुरु की वाणी हमें सद्कार्यों की प्रेरणा देती है। हमारी युवा पी?ी को धर्म से जु?कर समाज सेवा और देशभक्ति की दिशा में आगे ब?ना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने संस्कारों और धार्मिक धरोहरों से जु? रहने में ही जीवन की स्थिरता निहित है। माहेश्वरी ने सभी से आह्वान किया कि समाज को एकजुट होकर सत्कर्म के पथ पर चलना चाहिए। हिंदू पर्व समन्वय समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी रामौतार चम?िया इंजी. रमेश जैन लखनलाल केशरवानी हरिओम गुप्ता इंजी. राकेश रैकवार अनिल शर्मा रामजी गुप्ता मनमोहन माहेश्वरी विभाष बनर्जी सहित अनेक सदस्य शामिल हुए।

### एक नजर में

## एसआईआर कार्य को लिए प्रणय कुमार त्रिपाठी पुरस्कृत



**नागौद** । विधानसभा नागौद के मतदान केंद्र क्रमांक 74, रहिकवारा के बीएलओ प्रणय कुमार त्रिपाठी द्वारा 12 दिवस पूर्व शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया। इस पर उत्साह वर्धन करने उन्हें सतना कलेक्टर सतीश कुमार यश साहब द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मूवी टिकट विथ फैमिली से पुरस्कृत किया गया।

## विद्यालय के सामने अतिक्रमण कर खोल ली मांस मछली की दुकान



**नागौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहिकवारा के सामने अतिक्रमण कर मांस मछली की दुकान खोल ली गई है। अतिक्रमण कर विद्यालय के सामने खोली गई मांस मछली की दुकान से शिक्षक और छात्र परेशान हैं। प्राचार्य ने नगर परिषद को पत्र लिखकर अतिक्रमण हटाने को कहा, उसके बाद भी स्कूल के सामने मुर्गा बकरा कटना बिकना नहीं हुआ बंद। प्रदेश में सीएम ने खुले में मांस मछली की अवैध दुकानों और खुले में बिक्री पर प्रतिबंध लगाया लेकिन जिम्मेदार आंखें बंद किए हुए हैं।



## सीएम राइज में बालिकाओं को साइकिल वितरित

**कोटर** । आज कोटर सी .एम राइज शास .उच्च . माध्यमिक विद्यालय कोटर में आज बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। जिसमें अध्यक्ष राजमणि सिंह, उपाध्यक्ष प्रभाकर तिवारी नगरपरिषद सभापति बबलू गौतम पार्षद पंकज कुशवाह आंनद पाठक, प्राचार्य अर्पणा सिंह, शिक्षक,सितेश भारती, सुशमा सिंह, गिरिजा प्रसाद गौतम, संतोष सिंह, आजाद सिंह,सरिता सिंह, पीटीआई कमलेश प्रजापति, और सभी शिक्षक और पार्षद गण उपस्थित रहे।




## यातायात नियमों का अनुपालन जरूरी-डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को यातायात माह के तहत खोह स्थित श्री जी इण्टरनेशनल स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम-एसपी ने यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सावधानियाँ अपनाने को कहा। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग, नाबालिगों द्वारा वाहन न चलाने, नशे की हालत में ड्राइविंग से बचने तथा सड़क पर निर्धारित गति सीमा का पालन करने जैसी आवश्यक बातें बताई गई। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और अपने माता-पिता, परिवार व समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। इस दौरान बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जीवन रक्षा का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि दुर्घटना की गंभीर संभावना भी बढ़ाता है।